**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के 1-शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 10- (क) | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के ग्राम पंचायत-कनकहा, विकास खण्ड-मोहनलालगंज में तालाबों का सौन्दर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों को कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 31 मार्च, 2023 जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो उक्त पत्र के साथ संलग्न प्रार्थना-पत्रों में उल्लिखित सभी विकास कार्यों को बजट आवंटित कराते हुये सौन्दर्यीकरण करा दिया गया है? | प्रार्थना-पत्र में उल्लिखित विकास कार्यों के संबंध में स्थिति निम्नवत् है:-<br>1. ग्राम सभा कनकहा में तालाब गाटा संख्या-1656, 2199 एवं 2165 (2165 रंजीत खेड़ा) ग्राम पंचायत की कार्ययोजना में शामिल है। वर्षा ऋतु के उपरान्त चयनित तालाबों का कार्य कराया जायेगा।<br>2. शादी घर का निर्माण विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अतिरिक्त ग्राम्य विकास विभाग की किसी भी योजना से अच्छादित नहीं है। मा0 सदस्य, विधान मण्डल का प्रस्ताव प्राप्त होने की दशा में ही उक्त |

निधि से शादी घर का निर्माण कार्य कराया जा सकता है।

3. खेल का मैदान चिन्हित कराकर आरक्षित किये जाने के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी, मोहनलालगंज द्वारा पत्र दिनांक 21.06.2023 के द्वारा उप जिलाधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

| | |
|---|---|
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक बजट आवंटित कराते हुए उक्त विकास कार्यों को करा दिया जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**